# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–30 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज प्रयागराज महाकुंभ नगर का दौरा किया। उन्होंने संगम घाट के उस सेक्टर का निरीक्षण किया, जहां कल हुई दुखद घटना में तीस लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने केंद्रीय अस्पताल पहुंच कर घायलों के इलाज की जानकारी ली। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल हुई दुर्घटना के बाद मुख्य सचिव और डीजीपी को मौके पर जाकर स्थिति का आकलन करने और घटना से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे। इस मामले में मुख्यमंत्री ने कल शाम पीड़ितों के लिए आर्थिक सहायता और न्यायिक आयोग के गठन की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग पूरे मामले की जांच करेगा और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगा। उन्होंने घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को पच्चीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की।

**परिवारजनों को प्रदेश सरकार की तरफ से पच्चीस पच्चीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा भी कर रहे हैं और न्यायिक आयोग इस पूरे मामले को देखकर एक समय सीमा के अंदर राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा।**

आज से तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने अपना काम भी शुरू कर दिया है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए कल प्रयागराज रेल मंडल ने दो सौ बाइस मेला स्पेशल ट्रेनों का संचलन किया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि कल मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं के लिए पूरी रात ट्रेनें लगातार चलती रहीं।

***महाकुंभ में जो श्रद्धालु भक्तजन आए हैं, उन सबके रेलवे की सर्विसिज के लिए कल करीब तीन सौ चौसठ ट्रेन्स चली हैं। लगातार राज्य सरकार के साथ कॉर्डिनेशन करके करीब–करीब बारह लाख से अधिक श्रद्धालुओं को रेलवे के माध्यम से अपने गन्तव्य स्थान तक पहुंचाया गया है।***

**********

प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में नो व्हीकल जोन की व्यवस्था को चार फरवरी तक बढ़ा दिया है। भीड़ और यातायात प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए प्रयागराज जिले के अपर पुलिस अधीक्षक यातायात अंशुमान मिश्रा ने कहा कि केवल आवश्यक सेवाओं वाले वाहनों को ही मेला क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति होगी।

***हमारे जो भी श्रद्धालुगण हैं उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है और हमको उनकी सुरक्षा और उनके सुरक्षित प्रस्थान के दृष्टिगत इसको हम टाइम टू टाइम बढ़ाते जा रहे हैं जब तक हमारे श्रद्धालुगण यहां से मूमेंट नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति में सीमित परमिशिबल वाहन जिनकों परमिट दिया जा रहा है, जो हमारी विशेष सेवाओं में लगे हैं, इसके अतिरिक्त वाहनों के बाहर जाने को तो अनुमन्य किया जा रहा है लेकिन हम मेले में एंट्री देने के लिए अनुमन्य इनको नहीं किया जा रहा है।***

**********

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि आज पूरे देश में शहीद दिवस के रूप में मनाई जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के जीपीओ पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आज पुष्प चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। वाराणसी जिले के रेल इंजन कारखाना–बरेका में इस मौके पर महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की मौजूदगी में दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी गई। जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर राष्ट्रपिता के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। गोरखपुर और मऊ जिले में महात्मा गांधी को श्रद्धांलजि अर्पित कर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ।

**********

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति ने आज संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। कल नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बताया कि समिति ने विधेयक से संबंधित चौदह खण्डों के संशोधन को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीने में इस विधेयक पर व्यापक विचार–विमर्श हुआ।

**********

जौनपुर जिले के मुंगरा बादशाहपुर थानाक्षेत्र के सतहरिया में आज तड़के एक कार और बस की टक्कर में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गये। महराजगंज जिले के निवासी यह सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का स्नान कर वापस लौट रहे थे।

**********